





# बाइपास बीहर नदी पर बने पुल में आई दरार और पियर कैप क्षतिग्रस्त

## भारी वाहनों के प्रवेश पर 30 तक प्रतिबंध, बेला और चोरहटा के पास लगा भारी जाम



नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 अप्रैल, रीवा बायपास मार्ग में बीहर नदी पर पुराने पुल के गर्डर में दरार आने और पियर कैप क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहनो की आवाजाही प्रभावित हो रही है. यातायात व्यवस्था बनाए रखन के लिये ट्राफिक डायवर्जन प्लान जारी किया गया है. लिहाजा रविवार को बेला सहित चोरहटा बाईपास में वाहनो का लम्बा जाम लगा रहा और लोगो को परेशानी हुई.**

सवाल यह उठता है कि आखिर पुल डैमेज कैसे हो गया यह जांच का विषय है. एसडीएम सहित पुलिस के अधिकारी पुल का निरीक्षण करने पहुंचे. 30 अप्रैल तक भारी वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है. इस पुल से गुजरने वाले भारी वाहन अब वैकल्पिक मार्ग से गुजरेंगे. इस संबंध में अपर जिला दण्डाधिकारी सपना त्रिपाठी ने आदेश जारी कर दिया है. पुल की स्थिति और जनमानस की सुरक्षा को देखते हुए हुए मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत यह आदेश जारी किया गया है. आदेश के अनुपालन के लिए पुलिस और परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया है.

संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 116 के तहत मार्ग के विभिन्न हिस्सों पर स्पष्ट साइन बोर्ड और सूचनाएं प्रदर्शित करें ताकि चालकों को डायवर्जन की जानकारी मिल सके. आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है. वर्तमान में यह व्यवस्था वैकल्पिक और अस्थायी तौर पर की गई है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू और सुरक्षित बनी रहे. बीहर नदी पर पुराने पुल के गर्डर में दरार आने और पियर कैप क्षतिग्रस्त स्थल का एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी और पुलिस अधिकिारियों ने निरीक्षण किया. एसडीएम ने पुल में आई दरार का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने भारी वाहनों के प्रवेश न होने के निर्देश दिये ताकि कोई दिक्कत न हो.

### ट्राफिक किया गया डायवर्जन

यातायात को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान भी जारी किया गया है. इसके तहत बेला से प्रयागराज जाने वाले वाहनों को बेला से होटल शार्क इन, बीड़ा, गोदहा, सिरमौर और क्योटी होते हुए कलवारी मार्ग का उपयोग करना होगा. इसी प्रकार बेला से मिर्जापुर जाने वाले वाहनों को बेला से होटल शार्क इन, बीड़ा, गोदहा और सिरमौर होते हुए रीवा की ओर डायवर्ट किया गया है. वहीं मिर्जापुर या प्रयागराज की ओर से बेला जाने वाले वाहनों को रतहरा से सिलपरा, गोविन्दगढ़ और मुकुंदपुर होते हुए बेला भेजा जाएगा. सिलपरा और गोविन्दगढ़ वाले वैकल्पिक मार्गों पर निर्माण कार्य और सड़क की कम चौड़ाई के कारण भारी यातायात के लिए उन्हें पूरी तरह उपयुक्त नहीं माना गया है. ऐसी स्थिति में भारी वाहनों को शहर के पुराने नेशनल हाईवे-07 मार्ग से केवल रात्रि के समय निकालने की अनुमति दी गई है.



# रीवा-मऊगंज जिले के कई हिस्सों में सुबह और दोपहर हुई ओलावृष्टि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 अप्रैल, पिछले कई दिनो से आसमान में बादलो की लुका छिपी चल रही है. रात में जहा तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई. वही सुबह और दोपहर रीवा एवं मऊगंज जिले के कई हिस्सो में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई. जिससे गेंहू एवं राई की फसल को नुकसान हुआ है. मौसम विभाग ने पहले ही चेताया था कि तेज गरज चमक के साथ ओलावृष्टि हो सकती है.**

गौरतलब है कि इस समय खेत में गेंहू की फसल पक कर तैयार है और किसान अपनी फसलो को लेकर चिंतित है. पिछले एक सप्ताह से मौसम खराब चल रहा है बीच में जहा बूंदाबांदी हुई वही रात से ही काले बादल छाये हुए थे. तेज आंधी के साथ रात में बूंदाबांदी हुई और सुबह ओलावृष्टि रीवा एवं मऊगंज जिले में हुई. त्योंथर, चाकघाट क्षेत्र में दोपहर तेज बारिश के साथ बड़े-बड़े ओले गिरे. इसी तरह नईगढ़ी, गुढ़ आदि क्षेत्रो में हुई ओलावृष्टि से किसानो की फसल को नुकसान हुआ है. तेज आंधी के चलते कई जगह फसल खेत में ही धराशाई हो गई और जो गेंहू कटा हुआ था वह हवा के झोके के साथ उड़ गया. सबसे ज्यादा गेंहू और राई की फसल को नुकसान हुआ है.

ओला और बारिश चलते न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री पहुंच गया. जबकि अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहा, वही 8 किलो मीटर की रफ्तार से हवाएं चलती रही. दिन भर बादल छाये रहे दोपहर हल्की धूप निकली और उसके बाद पुनः बादल छा गये. अभी तक रीवा-मऊगंज में ओलावृष्टि नही हुई थी लेकिन जिस तरह से रविवार को ओलावृष्टि हुई उससे किसानो का नुकसान हुआ है. अभी दो दिन तक मौसम खराब रहेगा, उसके बाद बादल हटने के साथ तापमान बढ़ेगा और गर्मी तेज होगी.

# शटर उखाड़ कर ज्वैलरी शॉप में चोरी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 अप्रैल, बीती रात चोरों एक गांव में संचालित ज्वैलरी शॉप में धावा बोलते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है.**

खास बात यह है की चोरों ने दुकान का ताला तोड़ने की बजाय सीधा शटर को ही उखाड़ दिया और दुकान में दाखिल होने के बाद काउंटर में रखे चांदी के गहने पार कर दिए, लेकिन गनीमत रही की चोर तिजोरी को नहीं तोड़ पाए. घटना की जानकारी पीड़ित की आज सुबह हुई, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज करा दी गई है. दरअसल ज्वैलरी शॉप में चोरी का यह मामला शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र ग्राम कचूर का है. दुकान संचालक अमहिया निवासी रवी सोनी ने बताया की वह कचूर गांव में दुर्गा ज्वैलरी नाम से दुकान संचालित करते है. पीड़ित के मुताबिक शनिवार की देर शाम वह दुकान बंद कर अपने घर आ गए थे, जिसके दूसरे दिन रविवार की सुबह गांव के ही लोगों ने दुकान में चोरी की सूचना दी.

ग्रामीणों की सूचना पर जब दुकान संचालक मौके पर पहुंचे तो शटर टूटा हुआ था और काउंटर में रखा सामान गायब था. पीड़ित की माने तो चोरों ने चांदी की सारी ज्वैलरी पार कर दी है जबकि तिजोरी को वह नहीं तोड़ पाए. फिलहाल पीड़ित दुकान संचालक ने चोरहटा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करा दी है, पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.

## उप मुख्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल 6 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे हिनौती गौधाम से मऊगंज के लिए प्रस्थान करेंगे और सुबह 11 बजे मऊगंज में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे.**

उप मुख्यमंत्री इसके बाद मऊगंज से प्रस्थान कर हिनौती गौधाम पहुंचेंगे और दोपहर 2 बजे हिनौती गौधाम के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करेंगे. उप मुख्यमंत्री हिनौती गौधाम से प्रस्थान कर रीवा आएंगे और शाम 4 बजे जिला न्यायालय परिसर में पेयजल समस्या के समाधान के लिए विधायक निधि से 9 लाख 20 हजार रुपए के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे. उप मुख्यमंत्री इसके बाद शाम 5 बजे पीडब्ल्यूडी के भवन का लोकार्पण करेंगे.

## संक्षिप्त

### मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री का आगमन आज

**मऊगंज.** पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल सुबह 7.55 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और सर्किट हाउस रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे. प्रभारी मंत्री श्री पटेल सर्किट हाउस रीवा से सुबह 10 बजे मऊगंज के लिए प्रस्थान करेंगे और वहाँ सुबह 11 बजे से आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे. इसके बाद प्रभारी मंत्री दोपहर 2.15 बजे मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. बैठक के बाद प्रभारी मंत्री दोपहर 3.15 बजे मऊगंज से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे और यहाँ आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 7.50 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे.

### मऊगंज भाजपा कार्यालय का भूमि पूजन आज

**रीवा.** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय मऊगंज का भूमि पूजन का किया जाएगा. कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे चाक मोड़ स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में संपन्न होगा. भूमि पूजन के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे. वहीं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, प्रभारी मंत्री लखन पटेल, संभाग संगठन प्रभारी विजय दुबे, रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, देवतालाब विधायक गिरीश गौतम, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव, मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे.

### क्षेत्रीय अधिवेशन सम्मेलन 12 को

**रीवा.** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल क्षेत्रीय तकनीकी कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मंडल आज राजेंद्र शुक्ला उपमुख्यमंत्री से कर्मचारियो के पंचम क्षेत्रीय अधिवेशन सम्मेलन में सम्मिलित होने हेतु मिला. प्रतिनिधि मंडल में डॉ. एल.के. मिश्रा, वैदेही शरण चतुर्वेदी, रामायण प्रसाद मिश्रा, के.पी. श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह, राम दरस प्रजापति, एन.पी. सिंह, अनिल बहादुर सिंह, विनोद तिवारी आदि उपस्थित रहे. उपमुख्यमंत्री द्वारा अधिवेशन हेतु 12 अप्रैल दिन रविवार को द्वारा समय दिया गया. जिससे कर्मचारी संगठन द्वारा 12 अप्रैल को अमहिया पावर हाउस कैंपस में स्थित श्रम कल्याण केंद्र में होने वाले वृहत सम्मेलन की रूपरेखा तैयार कर सम्मेलन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है.

### विश्व सेवा-सत्संग दिवस 8 को

**रीवा.** श्री योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश आहूजा ने बताया कि विश्व सेवा-सत्संग दिवस 8 अप्रैल को सुबह सत्संग, कीर्तन, भजन महाप्रसाद के तत्पश्चात हेमू कालानी चौक पर प्रसाद का वितरण सुबह 11 बजे से किया जायेगा. संत आशाराम बापू का 90वाँ अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा. जिसको लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में कैलाश आहूजा, रामकृष्ण पटेल, भजनलाल सचदेव, राकेश गुप्ता, बृजलाल पटेल, अशोक सराफ, महेश वर्मा, विनोद पटेल, महेश साहू, दिशा लालवानी, काशी खिलवानी, मधु शिवनानी, वंशिका तुलसानी, सुधा वर्मा, पुष्कर वर्मा, नानू भाई आदि उपस्थित रहें.

### गयासुद्दीन बने प्रदेश उपाध्यक्ष और रजनीश जिला अध्यक्ष

**रीवा.** वरिष्ठ समाजसेवी ट्रक ट्रांसपोर्ट व्यवसाई ग्यासुद्दीन राजू को मध्य प्रदेश कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उक्त नियुक्ति श्री राजू की सक्रियता व परिवहन क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लंबे समय से उनके संघर्ष को देखते हुए परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पांधे ने संगठन प्रभारी संजय कामले की सहमति से की है. रजनीश पांडे राजू को जिला अध्यक्ष के पद पर एक बार पुनः नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष ने उनके कार्य कुशलता को देखते किया है. दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष सहित कांग्रेस के प्रदेश व राष्ट्रीय शीर्ष नेताओं के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया व कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा दी गई है उसे पूरे शिद्दत के साथ निर्वहन कर भारतीय जनता पार्टी सरकार में ट्रक ऑपरेटर से की जा रही परिवहन विभाग द्वारा अवैध वसूली पर अंकुश लगाने हर स्तर से संघर्ष किया जाएगा.





प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी

# गौ सम्मान यात्रा के दौरान सांसद से लिए गए हस्ताक्षर



नवभारत न्यूज

**हनुमना, 5 अप्रैल, संतो के आह्वान पर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए समूचे राष्ट्र भर में चलाए जा रहे गौ माता सम्मान यात्रा अभियान के तहत मऊगंज जिले में भी 2 अप्रैल हनुमान जयंती से जिले के प्रसिद्ध हाटेश्वरनाथ धाम हाटा से प्रारंभ की गई गौ सम्मान यात्रा को जन समर्थन मिल रहा है.**

हस्ताक्षर अभियान वाले पत्रक में लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए हस्ताक्षर कर रहे हैं. ऐसी तारतम में यात्रा में सम्मिलित यात्रियों ने जन्म प्रतिनिधियों लोक सेवकों तथा समाजसेवियों से भी मिलकर उनके हस्ताक्षर तथा उनसे जन समर्थन लेते हुए चल रहे हैं. सांसद जनार्दन मिश्रा ने भी गौ सम्मान यात्रा को समर्थन देते हुए कहां की गौ माता ही इस राष्ट्र की पहचान है उसके बिना भारत की पहचान अधूरी है. उन्होंने कहा की गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने का संतो द्वारा पारित संकल्प निश्चित ही आतीव सराहनीय है मेरा भी प्रयास होगा कि गौ माता को राष्ट्रमाता के रूप में भारत सरकार घोषित करें. थाना प्रभारी राजेश पटेल ने भी समर्थन देते हुए अपना सहयोग प्रदान किया.

# संगठन की मजबूती ही हमारी असली शक्ति है : सिद्धार्थ

नवभारत न्यूज

**त्योंथर, 5 अप्रैल, भाजपा के दो दिवसयी 'पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' का रविवार को समापन हुआ.**

त्योंथर विधानसभा के चारों प्रमुख मंडलों त्योंथर, गढ़ी, कटरा और रायपुर सोनौरी में आयोजित इस महाकुंभ के माध्यम से कार्यकर्ताओं को भविष्य की राजनीति और 'विकसित भारत' के संकल्प के लिए तैयार किया गया. शनिवार को आयोजित प्रथम दिन के सत्रों में क्षेत्रीय विधायक श्रसिद्धार्थ तिवारी ने मुख्य वक्ता के रूप में सभी केंद्रों पर शिरकत कर कार्यकर्ताओं में संगठन शक्ति का उत्साह फूँका. विधायक श्री तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही हमारी असली शक्ति है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनहितैषी सुशासन को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के ऊर्जावान नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के सांगठनिक कौशल का जिक्र करते हुए कार्यकर्ताओं को अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया. विधायक ने कहा कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना ही हर कार्यकर्ता का मुख्य ध्येय होना चाहिए.चारों मंडलों में मंडल अध्यक्षों घनश्याम यादव, समीर सिंह, सावेन्द्र शर्मा और वेद प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में अनुभवी वक्ताओं ने मार्गदर्शन दिया. त्योंथर मंडल के सत्रों में प्राणेश ओझा, रवीन्द्र चौहान, नवीन शर्मा, श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, शरद साहू, कमलेश्वर सिंह और इन्द्रशरण सिंह चौहान ने प्रशिक्षण दिया. कटरा मंडल में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, राजेश पाण्डेय, डॉ. अजय सिंह ने प्रशिक्षण दिया.

# महिला कांग्रेस सेवा दल की बैठक आज लेंगी प्रदेश अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 अप्रैल, जिला शहर कांग्रेस सेवा दल, रीवा के अध्यक्ष एडवोकेट आनंद कुशवाहा ने बताया कि मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता कांकरिया सतना में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत रीवा पहुंचेंगी.**

उनके आगमन के अवसर पर 06 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय रीवा में जिला कांग्रेस महिला सेवा दल की बैठक आयोजित की जाएगी. उक्त बैठक में श्रीमती कांकरिया उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी तथा देश एवं प्रदेश में व्याप्त विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करेंगी. साथ ही संगठन के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान करेंगी. बैठक उपरांत वे दोपहर 02 बजे रीवा से मऊगंज के लिए प्रस्थान करेंगी.

# पुलिस की मौजूदगी में भवन को ध्वस्त कर सर्विस लेन खोली गई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 अप्रैल, मऊगंज जिले के खटखरी बाजार में लंबे समय से लग रहे भीषण जाम और अतिक्रमण की समस्या को लेकर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की. कई दिनों से स्थानीय स्तर पर जाम की खबरें सामने आ रही थीं, जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया.**

एसडीएम, तहसीलदार और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जर्जर भवन को ध्वस्त किया गया. यह निर्माण सर्विस रोड पर अतिक्रमण कर बनाया गया था, जिसके कारण सड़क संकरी हो गई थी और लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी. प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष और नियमों के तहत की जा रही है. अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई के बाद सर्विस रोड को पूरी तरह चालू किया जाएगा, जिससे खटखरी बाजार में यातायात व्यवस्था सुचारु हो सकेगी. गौरतलब है कि कलेक्टर मऊगंज ने जाम की स्थिति को गंभीरता से लिया इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और यह बड़ी कार्रवाई की गई. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क पर जो भी अतिक्रमण होगा उसे तोड़ा जाएगा.

### कलेक्टोरेट में टीएल बैठक आज

रीवा, 5 अप्रैल, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल बैठक सुबह 11.30 बजे से आयोजित की गई है. बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी एसडीएम, विभागीय जिला अधिकारियों, जनपद सीईओ, बीएमओ, बीईओ, सीडीपीओ तथा बीरसीसी को अनिवार्य रूप से उपस्थिति के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि सभी अधिकारी विभागीय प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहेंगे और कोई भी अधिकारी बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे. कलेक्टर ने कहा है कि दोपहर 12 बजे से एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा की जाएगी. सीएमचओ अपनी टीम के साथ पूरी जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहें.

# संस्कारयुक्त शिक्षा से ही मानव जाति का कल्याण व क्षेत्र का विकास संभव : शुक्ल



नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा से ही मानव जाति का कल्याण व क्षेत्र विकास संभव है. इस महाविद्यालय की स्थापना पवित्र उद्देश्य से की गई थी.**

महाविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करे व क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विकास में अपना योगदान दे. उप मुख्यमंत्री जवा में ईश्वरचन्द्र विद्यासागर महाविद्यालय के रजत जयंती समारोह में शामिल हुए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जवा में इस महाविद्यालय की स्थापना उच्च शिक्षा की पूर्ति की दिशा में बड़ा कदम था. जिसकी स्थापना के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी का योगदान अविस्मणीय रहेगा. श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी संस्था का रजत जयंती समारोह उसकी यात्रा के सिंहावलोकन का भी एक माध्यम होता है. रीवा जिले में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है और रीवा विकसित क्षेत्र में शामिल होने वाला है. इस विकास का फल युवाओं को ही मिलेगा. इस लिए आवश्यक है कि युवा सही दिशा में आगे बढें और नशे से दूर रहकर देश के विकास में भागीदार बनें. उन्होंने कहा कि निजी व शासकीय संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए निरंतर सहयोग दे रहे हैं. उन्होने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाएं. सही खान-पान से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है.

### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहा कॉलेज : मिश्र

महाविद्यालय के संरक्षक रमाशंकर मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि वर्ष 1994 में इस महावद्यालय की स्थापना की गई. तब से लेकर अब तक यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहा है. कार्यक्रम में प्राचार्य केके शुक्ला ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. इस अवसर पर स्मारिका विमोचन और पुरा छात्रों का सम्मान किया गया. मुख्य अतिथि को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा तिवारी ने अभिनंदन पत्र भेंट किया. अतिथियों का शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह सौंपकर अतिथियों का सम्मान किया गया. इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय के विस्तारित भवन का लोकार्पण किया. उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया. कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष सिरमौर रवीना साकेत, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, कौशलेश तिवारी, त्रियुगीनारायण शुक्ला, रहस्यमणि मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे.

### युवा नशे से दूर रहें और समाज निर्माण में सहयोग करें : जनार्दन

सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि जवा अंचल के छात्र प्रावीण्य सूची में उच्च स्थान प्राप्त कर रहे हैं. प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के प्रयास जारी हैं जिसके माध्यम से रोजगार के अवसर भी उपलबध हो रहे हैं. उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि नशे से दूर रहें और समाज निर्माण में सहयोग बनें. सांसद ने अभिभावकों से कहा कि समाज, संस्कृति व परंपरा को बनाए रखने के लिए बच्चों से जीवंत संपर्क बनाए रखें.कार्यक्रम विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह ने कहा कि देश व क्षेत्र के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है. जवा में इस महाविद्यालय की स्थापना उस समय हुई थी जब उच्च शिक्षा के लिए इसकी बड़ी जरुरत थी.